दिन– रविवार | दिनांक– 23 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा, दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू की।

02. नीट पेपर लीक मामले में देवघर से गिरफ्तार छह लोगों को बिहार पुलिस ने पूछताछ के बाद विशेष न्यायालय में पेश किया।

03. अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून रक्सौल में रूका। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले तीन दिनों में पूरे राज्य में पहुंच जाएगा मॉनसून।

अब समाचार विस्तार से.........

————————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा, दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं के मामल में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले शिक्षा मंत्रालय ने इस मामले की व्यापक जांच का जिम्मा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई को सौंप दिया है। केन्द्र सरकार ने कहा कि सरकार परीक्षाओं में विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

————————————————————————————

बिहार पुलिस ने प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार किये गये छह आरोपियों से पूछताछ की है। इन्हें मेडिकल जांच के लिए पटना के एलएनजेपी हॉस्पिटल में पेश किया गया। इसके बाद सभी आरोपियों को आर्थिक अपराध इकाई की विशेष अदालत में पेश किया गया। गौरतलब है कि नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में झारखण्ड के देवघर जिले से छह लोगों को गिरुफ्तार

किया गया है। पुलिस ने इस मामले बिहार से भी अबतक तेरह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

इधर, यूजीसी नेट परीक्षा में गडबड़ी की जांच करने नवादा के रजौली पहुंची सीबीआई टीम और पुलिस कर्मियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने मारपीट की है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने अफवाह फैला दी थी, जिसके बाद लोग आक्रोशित हो गए और गाड़ियों में भी तोड़–फोड़ कर दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में रजौली थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

इधर, नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में ग्रेस अंक पाने वाले एक हजार पांच सौ तिरेसठ विद्यार्थियों के लिए आज पुनर्परीक्षा का आयोजन किया गया। पुनर्परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बज कर बीस मिनट तक चुने हुए केन्द्रों पर आयोजित की गयी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए के अनुसार, पुनर्परीक्षा नहीं देने वाले विद्यार्थियों के परिणाम पिछले महीने की पांच तारीख़ को हुई परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किये जाएंगे। वहीं, कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद मेडिकल स्नाकोत्तर प्रवेश परीक्षा नीट–पीजी स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा आज होनी थी। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

---

नीट परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि इसके वेबसाईट पूरी तरह से सुरक्षित है। एजेंसी ने इसके हैकिंग से संबंधित खबरों को बेबुनियाद बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट जारी कर एजेंसी ने लोगों को अश्वस्त किया कि एनटीए वेबसाइट पर प्राप्त सूचना सही और तथ्यपूर्ण है।

———————————————————————————

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज कहा कि अपराध न्याय से संबंधित तीनों नए कानून मौजूदा आवश्यकताओं के अनुसार बनाए गये हैं। उन्होंने कहा कि पुराने कानूनों को औपनिवेशिक शासकों ने भारतीयों को दंडित करने के लक्ष्य के साथ भारतीय दंड संहिता का निर्माण किया था। श्री मेघवाल ने कहा कि न्याय प्रदान करने के लिए अब भारतीय न्याय संहिता की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वर्ष दो हजार उन्नीस से राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के परामर्श से काम कर रहे हैं।

———बाईट———

एक जुलाई से तीनों हमारे जो क्रीमिनल जस्टिस सिस्टम पर जो कानून आए हैं। वह लागू हो जाएंगे और उसमें इज ऑफ जो लीविंग है। वह निश्चिततौर पर बढेगा। नागरिकों की सुविधा बढेगी। टेक्नोलॉजी का प्रयोग होगा और टाइम लाइन इसमें तय किए हैं। यह मेजर चेंज है। टाइम लाइन तय करते ही नागरिकों को न्याय जल्दी मिलेगा।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएंगी। ब्यौरा हमारी संवाददाता से ...

———बाईट———

केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद यह पहला सत्र होगा। सत्र के दौरान प्रोटेम स्पीकर के तौर पर नियुक्त किए गए वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होगा, वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इस महीने की 27 तारीख को राज्यसभा का सत्र शुरू होगा और संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा। भूपेन्द्र सिंह के साथ अर्पिता चौधरी आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

लोकसभा के पहले सत्र की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग संसद के समक्ष मुद्दे और ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट का प्रसारण करेगा। संसद के समक्ष मुद्दे आकाशवाणी गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर तथा ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट रैनबो और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढ़े नौ बजे से दस बजे तक सुना जा सकता है।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री शाह ने अधिकारियों को बाढ़ निरोधक कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये हैं। बैठक

में जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय तथा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने भाग लिया।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने  बताया कि मॉनसून की उत्तरी सीमा अभी रक्सौल में बनी हुई है। जिसके एक—दो दिनों में प्रदेश के अन्य हिस्सों में पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, वैशाली, गोपालगंज, भागलपुर, बांका और आस—पास के हिस्सों में बारिश हो सकती है।

———बाईट———

श्री कौशिक ने बताया कि रोहतास, औरंगाबाद, भोजपुर और अरवल जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों में अगले कुछ दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। पच्चीस जून के बाद इन क्षेत्रों में भी बारिश की गतिविधियां होने से तापमान में कमी आएगी।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने झुग्गी झोपड़ी और बस्तियों में आग से बचाव के लिए कार्य योजना तैयार की है। इसके लिए बिहार अग्निशमन सेवा, एचपीसीएल, इंडियन आयल, बीपीसीएल, नगर—निगम, ऊर्जा विभाग और बिहार पुलिस मिलकर काम करेंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत ने बस्तियों में खुले बिजली के तारों और ट्रांसफार्मरों का निरंतर निरीक्षण और आवश्यकता अनुसार उनको बदले जाने पर जोर दिया। इसके अलावा कार्य योजना में बस्तियों में उपयोग किए जाने वाले एलपीजी गैस सिलेंडरों की पुरानी पाइप और रेगुलेटर की जाँच और बदलाव के लिए इंडियन आयल और अन्य एजेंसियां को निरीक्षण करने को कहा गया है। नगर निगम, अग्निशाम सेवा और वार्ड पार्षद के माध्यम से बस्तियों में आवश्यकता अनुसार फायर हाईड्रेंट लगाने और फायर बॉल का वितरण करने पर जोर दिया गया है।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल तेरह प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। वहीं, प्रत्याशी छब्बीस जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी। नामांकन भरने वालों में राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं। उम्मीदवारों ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिया है।

---

राज्य के भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन दी जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने किशनगंज में कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में शिविर लगाकर भूमिहीन लोगों के बीच बासगीत पर्चा वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ आवास बनाने की घोषणा की है, उसका सीधा लाभ प्रदेश के गरीब नागरिकों को भी मिले इसके लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गर्दनीबाग में निर्माणाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष बचे सभी कार्यों को तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने पहले और पाचवें तल पर चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण स्थल का निर्माण कार्य एक से डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा और जल्द ही इसका उद्घाटन भी होगा।

---

महान राष्ट्रवादी नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर आज श्रद्धापूर्वक याद किया गया है। इस अवसर पर पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया और सांसद डॉ. संजय जायसवाल समेत अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सली हमले में शहीद बीएसएफ जवान मदन सिंह का अंतिम संस्कार कल औरंगाबाद जिले के कुटुंबा स्थित उनके पैतृक गांव सरसा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीमा सुरक्षा बल और जिला पुलिस के जवानों ने शहीद को अंतिम सलामी दी।

———————————————————————————

अररिया के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने सीवान में आयोजित चौदहवीं सब जूनियर, जूनियर और सीनियर बालक–बालिका प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते हैं।

———————————————————————————

कैमूर जिले के सभी एक सौ छियालीस पंचायतों में आत्मा द्वारा पच्चीस जून से छह जुलाई तक किसान चौपाल लगाया जाएगा।

———————————————————————————

अररिया जिले के कुर्साकांटा प्रखंड क्षेत्र के भारत–नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने एक सौ चौहत्तर किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के पूरबसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने छापेमारी कर हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अपराधी के पास से दो देशी पिस्तौल और मैगजीन बरामद किया गया है।

———————————————————————————

जहानाबाद में बिजली चोरी के आरोप में पंद्रह लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड अंतर्गत हथवन गांव में कोसी नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने जल सत्याग्रह और धरना–प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के खड़गपुर प्रखंड में कारीघाटी लगनिया सिंचाई परियोजना डैम के शिलान्यास कार्य को किसानों के विरोध के कारण रोक दिया गया है। किसानों का कहना है कि इस चेक डैम के निर्माण में कई कमियां हैं, जिसके कारण कोई फायदा नहीं होगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा, दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू की।

02. नीट पेपर लीक मामले में देवघर से गिरफ्तार छह लोगों को बिहार पुलिस ने पूछताछ के बाद विशेष न्यायालय में पेश किया।

03. अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून रक्सौल में रूका। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले तीन दिनों में पूरे राज्य में पहुंच जाएगा मॉनसून।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।